आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

आज सत्रहवां सिविल सेवा दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे। वे लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे। इस दिवस का उद्देश्य देश भर में लोक सेवकों के लिए नागरिकों के हित के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करने तथा अपने कार्य में लोक सेवा और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। वहीं केन्द्रीय कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कल युवा लोक सेवकों से आग्रह किया कि वे ईमानदारी, जवाबदेही और सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखें। भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के 2023 बैच के साथ बातचीत करते हुए डॉ. सिंह ने भारत के प्रशासनिक परिवर्तन और विकसित भारत के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा के इतिहास में महिलाओं के अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधित्व की सराहना की, जिसमें एक सौ अस्सी अधिकारियों के मौजूदा बैच में चौहत्तर महिला अधिकारी शामिल हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाईस अप्रैल को जेद्दाह पहुंचेंगे, जो चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। यह यात्रा भारत–सऊदी अरब संबंधों में आए उल्लेखनीय परिवर्तन को दर्शाती है, जो मामूली शुरुआत से लेकर आर्थिक, रक्षा और सांस्कृतिक सहयोग तक फैली व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक है। यह यात्रा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले भारतीय प्रधानमंत्रियों की यात्राएँ रियाद तक ही सीमित थीं। आज, जेद्दाह सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो ऐतिहासिक हेजाज़ क्षेत्र में लाल सागर के किनारे एक प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र है।

<><><><><><><>

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण–डी बी टी पहल से आई पारदर्शिता से तीन लाख अड़तालिस हज़ार करोड़ रुपये की बचत हुई है। भारत की डी बी टी प्रणाली का मात्रात्मक मूल्यांकन शीर्षक के एक नीति पत्र का हवाला देते हुए श्री वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इससे लाभार्थियों की कवरेज में सोलह गुना वृद्धि भी हुई है। नीति पत्र के अनुसार 2013 में लागू की गई देश की डी बी टी प्रणाली ने पारदर्शिता बढ़ाकर लीकेज पर अंकुश लगाया और सटीक निधि वितरण सुनिश्चित किया है। यह नीति दस्तावेज बजटीय दक्षता,

सब्सिडी युक्तिकरण और सामाजिक परिणामों पर डी बी टी के प्रभाव का आकलन करने के लिए 2009 से 2024 तक के एक दशक के आंकड़ों का मूल्यांकन करता है। इसमें कहा गया है कि आधार से जुड़े प्रमाणीकरण से पारदर्शिता आई जिससे कम राजकोषीय परिव्यय के साथ व्यापक लाभार्थी पहुंच संभव हुई है।

<><><><><><><>

मीडिया जगत की रुचि को ध्यान में रखकर, विश्व श्रव्य दृश्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन—वेव्स— 2025 के लिए मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए पंजीकरण आज, कल और तेईस अप्रैल को पुनः शुरू किया जा रहा है। यह मीडिया पेशेवरों, फ़ोटोग्राफ़रों और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए आवेदन करने और एक से चार मई को मुंबई में होने वाले सबसे बहुप्रतीक्षित मीडिया और मनोरंजन कार्यक्रम का हिस्सा बनने का आखिरी मौका है।

<><><><><><><>

मानसून पूर्व तैयारियों की गतिविधियों के तहत अंडमान लोक निर्माण विभाग ने जल गुणवत्ता निगरानी, जल संरक्षण और जल निकायों के कायाकल्प को बढ़ावा देने के लिए द्वीपसमूह में एक महीने का अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य स्कूली छात्रों, जन प्रतिनिधियों और विशेष रूप से महिला हितधारकों को शामिल करते हुए जन जागरूकता पैदा करना और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। पहले चरण में, गाँवों, आंगनवाड़ियों, सामुदायिक भवनों और सार्वजनिक स्थानों सहित विभिन्न स्रोतों से पानी के नमूने एकत्र किए जाएंगे और उनका परीक्षण किया जाएगा और परिणाम जल जीवन मिशन के पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। दूसरे चरण में आगामी मानसून के लिए उन्हें तैयार करने के लिए सभी जल स्रोतों की सफाई और मामूली मरम्मत कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तीसरे चरण में, पी आर आई सदस्य जल शोधन, गुणवत्ता परीक्षण और वितरण की प्रक्रियाओं को समझने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र के तहत जल उपचार संयंत्रों का दौरा करेंगे और अंतिम चरण को "शून्य रिसाव सप्ताह" के रूप में मनाया जाएगा, जिसके दौरान विभाग जल वितरण नेटवर्क में पहचाने गए रिसावों की मरम्मत करेगा, ताकि कुशल जल वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

<><><><><><><>

नेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक द्वीपसमूह के स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के सहयोग से "संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 मनाने की रणनीति" पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने जा रहा है। यह संगोष्ठी कल से पच्चीस अप्रैल तक होटल कल्कि में आयोजित की जाएंगी। इस संगोष्ठी में देशभर के राज्य सरकारी बैंकों के प्रतिनिधि अध्यक्ष और प्रबंध निदेशको के अधिकारी भाग लेंगे।

<><><><><><><>

फिट इंडिया मूवमेंट के तहत नेहरू युवा केंद्र के समन्वय से भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा "संडे ऑन साइकिल" अभियान का कल सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग बीस साइकिल चालकों ने भाग लिया। यह अभियान फ्लैग प्वाइंट से शुरू होकर कार्बाइंस–कोव रोड, मरीना पार्क होते हुए नेताजी स्टेडियम में समाप्त हुआ। इस अभियान का उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना और युवाओं एवं आम जनता के बीच नियमित शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करना था।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नई दिल्ली में आज सत्रहवें सिविल सेवा दिवस पर सिविल सेवकों को संबोधित करने के समाचार को–द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। अण्डमान निकोबार शतरंज महासंग्राम के समापन की खबर को द्वीप समाचार ने प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया हैं। इसके अलावा अखबार ने खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय ईट–राइट मेला के समापन की खबर को भी पहले पन्ने में जगह दी है। सीतानगर स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर के आयोजन की खबर को द इको ऑफ इंडिया ने प्रमुखता दी हैं। इंफो इंडिया ने स्कूल स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम के संबंध में अंतर विभागीय बैठक आयोजित होने की खबर को प्रमुखता देते हुए पहले पन्ने में जगह दी है। मणिपुर में चल रहे अड़सठवें एस जी एफ आई राष्ट्रीय स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह के अंडर–19 बॉयज़ फुटबॉल टीम द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किए जाने की खबर को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>